भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Indian Council of Agricultural Research
(Ministry of Agriculture and Farmers Welfare)

श्री कैलाश चौधरी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून का दौरा

14 मई, 2023, देहरादून

श्री कैलाश चौधरी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून का दौरा किया गया। संस्थान के निदेशक, डॉ. एम. मधु एवं विभागाध्यक्ष, डॉ. चरण सिंह, डॉ. धर्मवीर सिंह एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड) श्री एस.के. गजमोती एवं संस्थान के अन्य पदाधिकारियों ने केन्द्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर, श्री चौधरी ने संस्थान के संग्रहालय का दौरा किया। इस भ्रमण को दौरान डॉ. धर्मवीर सिंह विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक विज्ञान ने संस्थान के क्रिया-कलापों का ब्योरा केन्द्रीय राज्य मंत्री को दिया।

केन्द्रीय राज्स मंत्री ने संस्थान के क्रिया-कलापों को अत्यधिक रूचि के साथ जाना। साथ ही संस्थान के मृदा एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में किये गये शोध एवं इसके योगदान की सराहना भी की। इस दौरान संस्थान के निदेशक, डॉ. एम. मधु एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अन्त में सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस दौरे की समाप्ति हुई।

(स्रोतः भाकृअनुप-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून)